नवभारत कटनी। श्रीगांधी दुर्गा पूजा उत्सव समिति द्वारा इस बार घासपूस से कुटिया बनाकर जगत जननी का स्थापित किया गया है।

नवभारत कटनी। शहर के आदर्श कॉलोनी में जय हो दुर्गोत्सव समिति द्वारा भव्य पंडाल मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है।

नवभारत कटनी। शहर के बर्मन मोहल्ले मां जगत जननी की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है।

नवभारत कटनी। कुठला में जय मा भारत दुर्गा पूजा समिति द्वारा मां काली की प्रतिमा स्थापित की गई है।

एक नजर में

नवनिर्मित स्कूल भवन का आज लोकार्पण करेंगे सांसद

नवभारत, कटनी। शहर के शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत छात्रों को पठन- पाठन की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा वेंकट वार्ड में एक करोड़ पांच लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित सर्वसुविधायुक्त शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निषाद स्कूल भवन का लोकार्पण बुधवार को कटनी-खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा द्वारा किया जाएगा।

सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने कार्यपालिक मैजिस्ट्रेटों की लगाई गई ड्यूटी

नवभारत, कटनी। दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों और सहयोगी अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेश के अनुसार जालपा देवी से जवारा जुलूस के आगे मोहन घाट विसर्जन स्थल तक कटनी ग्रामीण तहसीलदार अजीत तिवारी की ड्यूटी लगाई गई है। जबकि जुलूस के पीछे नायब तहसीलदार बड़वारा ऋषि गौतम तैनात रहेंगे। इसी प्रकार मंधई मंदिर से जालपा देवी मंदिर होकर जवारा जुलूस के आगे मसुरहा और मोहन घाट विसर्जन स्थल तक तहसीलदार कार्यपालिक मजिस्ट्रेट आशीष अग्रवाल को दायित्व सौंपा गया है। जबकि जुलूस के पीछे नायब तहसीलदार पहाड़ी अतुलेश सिंह तैनात रहेंगे। वहीं जवारा विसर्जन कुंड मोहन घाट की जिम्मेदारी नायब तहसीलदार कटनी नगर अवंतिका तिवारी को दी गई है। इसी 1 अक्टूबर को दशहरा चल समारोह, रावण दहन के दौरान कमानिया गेट से सुभाष चौक जुलूस के साथ-साथ समापन तक अजीत तिवारी तहसीलदार कटनी को दायित्व सौंपा गया है। जबकि सुभाष चौक, शेर चौक से आजाद चौक तक जुलूस के साथ-साथ समापन का जिम्मा अतुलेश सिंह नायब तहसीलदार पहाड़ी संभालेंगे। वहीं रावण दहन चौपाटी कटनी की जिम्मेदारी तहसीलदार और कार्यपालिक मजिस्ट्रेट आशीष अग्रवाल को दी गई है। जबकि रावण दहन गोल बाजार में नायब तहसीलदार कटनी नगर अवंतिका तिवारी मौजूद रहेगी। शहर के प्रमुख विसर्जन कुंडों और घाटों पर भी विशेष व्यवस्था की गई है। इसके अंतर्गत 1 अक्टूबर को गाटर घाट, मोहन घाट विसर्जन कुंड में डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कुमार मिश्रा, प्रभारी तहसीलदार आशीष अग्रवाल और नायब तहसीलदार कटनी नगर अवंतिका तिवारी की और छपरवाह घाट, विलगवां घाट विसर्जन कुंड में डिप्टी कलेक्टर विन्की सिंहमारे उइके मौजूद रहेंगे। इसी प्रकार कटाए घाट, अमीरगंज तालाब इन दोनों घाटों पर प्रतिमा विसर्जन प्रतिबंधित रहेगा। यहां की जिम्मेदारी डिप्टी कलेक्टर ज्योति लिल्हारे को सौंपी गई है।

धोखाधड़ी | पीड़ित ने की कलेक्टर से शिकायत, माधवनगर थाना प्रभारी और उद्योग विभाग के महाप्रबंधक को जांच के निर्देश

पीएम रोजगार ऋण दिलाने हड़पे 50 हजार रुपए

नवभारत कटनी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में 87 आवेदकों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान गायत्री नगर निवासी राकेश श्रीवास ने आवेदन देते हुए बताया कि मानसरोवर कॉलोनी निवासी देवेन्द्र सोनी उर्फ कन्हैया द्वारा उसे शासन की प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के अंतर्गत 5 लाख रूपए का लोन दिलाए जाने का प्रलोभन देकर उससे 50 हजार रूपए ले लिए हैं, लेकिन अब तक उसे किसी तरह का कोई ऋण स्वीकृत नहीं हुआ है। दिए गए 50 हजार रूपए मांगने पर देवेन्द्र सोनी टालमटोल कर रहा है, रूपए वापस नहीं दिए जा रहे हैं। शिकायत सुनने के बाद कलेक्टर ने माधवनगर थाना प्रभारी और महाप्रबंधक उद्योग को शिकायत का निराकरण करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। करने के निर्देश दिए। जनुसनवाई के दौरान विजयराघवगढ़ तहसील निवासी अभय दहायत ने बताया कि उसके पिता रामकृपाल दहायत शासकीय माध्यमिक शाला धनवारी में प्रधानाध्यापक के पद पर पदस्थ थे। वर्ष 2018 में उनकी आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। लेकिन उसकी अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित प्रकरण अभी भी लंबित है। आय का अन्य साधन नहीं होने से परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। इसलिए उसे जल्द अनुकंपा नियुक्ति दिलाई जाए। इस पर कलेक्टर ने स्थापना शाखा को शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।

ग्राम बड़गांव की आवेदिका मरीबाई ने आवेदन देते हुए बताया कि गांव में स्थित भूमि का बंटवारा तहसीलदार विजयराघवगढ़ को इस शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर विंकी सिंहमारे उइके, प्रदीप कुमार मिश्रा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे। जनसुनवाई के दौरान हर मंगलवार को आवेदक अपनी समस्याओं की निराकरण कराने की उम्मीद लिए पहुंचते हैं, आवेदकों की शिकायतों को सुना भी जाता है, शिकायत से संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण के निर्देश भी दिए जाते हैं, लेकिन आवेदकों की शिकायतों को निराकरण नहीं हो पाता है, जनसुनवाई में कुछ ऐसे आवेदक भी हैं जो हर मंगलवार को अपनी शिकायत लेकर आते हैं, अपनी समस्या अधिकारियों को बताते हैं, निराकरण के आश्वासन भी दिए जाते हैं, बावजूद इसके समस्याओं का निराकरण नहीं हो पता है।

कलेक्टर सहित अधिकारियों और कर्मचारियों ने डोनेट किया ब्लड

सेवा पखवाड़ा में लगाया शिविर, 51 यूनिट रक्त संग्रहित

नवभारत कटनी। सेवा पखवाड़ा के तहत कलेक्टर आशीष तिवारी की पहल पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में अधिकारियों और कर्मचारियों ने 51 यूनिट रक्तदान किया। कलेक्टर ने सबसे पहले स्वयं रक्तदान किया और शासकीय कर्मियों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित कर पीड़ित मानवता की सेवा के पुण्य अनुष्ठान में सहभागी बनाया। कलेक्टर ने कहा कि रक्तदान मानवीय सेवा है। प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्त की उपलब्धता से गंभीर रूप से बीमार मरीजों, प्रसवकालीन जटिलताओं से गुजर रही महिलाओं, दुर्घटना पीड़ितों का जीवन बचाया जा सकता है। युवा और स्वस्थ व्यक्ति के लिए रक्तदान से कोई नुकसान नहीं है, लेकिन बीमार के लिए रक्तदान नए जीवन की आशा है। इसलिए किसी जरूरतमंद की जिंदगी को बचाने के लिए रक्तदान अवश्य करें।

रक्तदान महादान है और रक्तदान करने वाला सही मायनों में जीवनदाता होता है। कलेक्ट्रेट के जिन अधिकारियों ने रक्तदान किया उनमें संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा, तहसीलदार अजीत तिवारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

गरबा और डांडिया गीतों की धुन पर भाव-विभोर हो रहे श्रद्धालु

कैमोर के मुरलीधर मंदिर और लेडीज क्लब में गरबा महोत्सव की धूम

नवभारत, कैमोर। शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में औद्योगिक नगरी कैमोर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मुरलीधर मंदिर और लेडीज क्लब में नवरात्र की शुरूआत से ही पूरेनौ दिनों तक गरबा और डांडिया का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में सैकड़ों युवक-युवतियां, महिला-पुरूष शामिल हो रहे हैं।

मंदिर परिसर और टेनिस हाल में सजावट और प्रकाश व्यवस्था ने एक अद्भुत वातावरण निर्मित किया। भक्तों ने देवी दुर्गा की आराधना के साथ-साथ गरबा और डांडिया नृत्य के माध्यम से उत्सव की रौनक को और बढ़ा दिया। आयोजकों ने इस आयोजन को भव्य बनाने के लिए विशेष तैयारियां की थीं, जिसमें मंच सज्जा, ध्वनि व्यवस्था और पारंपरिक परिधान पहने प्रतिभागियों की झलक विशेष आकर्षण का केंद्र बनी। इस कार्यक्रम में न सिर्फ स्थानीय लोग शामिल हुए, बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी भक्तों ने आकर उत्सव में भाग लिया। गरबा और डांडिया के आयोजनों में न सिर्फ धार्मिक आस्था को प्रकट किया गया, बल्कि स्थानीय संस्कृति और परंपरा को भी बढ़ावा दिया गया। सभी ने मिलकर इस नवरात्रि महोत्सव को एक यादगार अनुभव बना दिया।

इस तरह के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों से न सिर्फ एकता और भाईचारे की भावना बढ़ती है, बल्कि स्थानीय समुदाय की पहचान को भी मजबूती मिलती है। नगर परिषद अध्यक्ष पलक नमित ग्रोवर अपनी सहयोगी सैकड़ों महिला टीम के साथ गरबा उत्सव में पहुंची और उत्साहपूर्वक गरबा नृत्य किया। लेडीज क्लब और मुरलीधर मंदिर का यह गरबा महोत्सव हर साल की तरह इस बार भी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रह है। श्रद्धालू देवी मां का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। गरबा गीतों की धुन में भाव-विभोर हो रहे हैं।

दस हजार के ईनामी बदमाश को पुलिस ने दबोचा

चाकू अड़ाकर की थी दो लाख 72 हजार की लूट

नवभारत कटनी। जिले के हाइवे में चाकू की नोक पर लूट की वारदात को अंजाम देकर दहशत का पर्याय बने बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर दस हजार रूपए का इनाम घोषित था। आरोपी जबलपुर, मैहर और कटनी के हाइवे में राहगीरों से लूट करता था। काफी दिनों से पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी, अब जाकर पुलिस को आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली है।

पुलिस ने बताया कि कुठला थाना क्षेत्र के हरदुआ गांव के मदार टेकरी निवासी कुख्यात लुटेरा करन उर्फ टीच पारधी पर दस हजार का इनाम घोषित था। आरोपी लगातार फरार चल रहा था, पूछताछ में पता चला है कि आरोपी ने कर्नाटक में फरारी काटी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी जिले के हाइवे में लूट करता था, राहगीरों को चाकू और अन्य हथियारों की नोक पर लूटता था। पुलिस ने बताया कि 15 सितंबर 2025 को माधवनगर थाना क्षेत्र के मानसरोवर निवासी अखिलेश श्रीवास्तव से चाकू अड़ाकर दो लाख 72 हजार की लूट की गई थी। जिसमें करन उर्फ टीच पारधी मुख्य आरोपी था। जिसकी तलाश पुलिस टीम लगातार कर रही थी। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी संतोष डेहरिया और स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में की गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कटनी के अलावा जबलपुर और मैहर में भी मामले दर्ज है।

चोरी की तीन मोटरसाईकिल सहित युवक गिरफ्तार

ढीमरखेड़ा पुलिस ने की कार्रवाई, आरोपी की निशानदेही पर बाइक बरामद

नवभारत कटनी। बाइक चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि 29 सितंबर 2025 को खमतरा गांव निवासी आरोपी बसंत प्रसाद साहू को चोरी के संदेह में हिरासत में लिया गया। पुलिस पूछताछ के दौरान संदेही बसंत प्रसाद साहू ने उमरिया जिले से दो मोटर साइकिल चोरी करना और एक मोटर साइकिल कटनी से चोरी करना बताया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर तीनों मोटर साइकिल को बरामद कर लिया है। आरोपी को पकड़ने में ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, एएसआई जयचंद उईके, आरक्षक कमोद कोल, देवेन्द्र अहिरवार की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया और स्लीमनाबाद एसडीओपी आंकाक्षा चतुर्वेदी मार्गदर्शन में की गई है।

विधायक निधि से बनेगा टीन शेड, कॉन्फ्रेंस के लिए लगेगा प्रोजेक्टर

नवनिर्मित एसडीएम कार्यालय से शुरू हुआ कार्यों का संचालन

नवभारत कटनी। विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल और कलेक्टर आशीष तिवारी ने अमकुही में नवनिर्मित संयुक्त तहसील भवन का अवलोकन किया। सोमवार से यहां एसडीएम कार्यालय कटनी, तहसीलदार कटनी नगर, तहसीलदार कटनी ग्रामीण, नायब तहसीलदार मुडवारा-2 और नायब तहसीलदार पहाड़ी के कार्यालयों का संचालन शुरू हो गया है। विधायक और कलेक्टर ने नवनिर्मित भवन का भ्रमण कर कक्षों का अवलोकन किया। इस मौके पर विधायक ने अधिवक्ता मनोज बाझल की मांग पर विधायक निधि से अधिवक्ताओं के बैठने के लिए टीन शेड विधायक निधि से निर्माण कराए जाने की घोषणा की। नवीन संयुक्त भवन में 2 आरओ औ 2 वाटर कूलर सेट सहित कार्यालय के सभाकक्ष में माईक सेट-सिस्टम, एक एसी विधायक निधि से दिए जाने की घोषणा की। इस अवसर पर कलेक्टर ने सभाकक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंस सहित प्रोजेक्टर ई-गर्वनेंस के माध्यम से लगवाने के निर्देश दिए गए।

विधायक द्वारा निरीक्षण के दौरान प्रवेश मार्ग में अत्यधिक ढलान होने से दुर्घटना की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए रिंग रोड के माध्यम से प्रवेश मार्ग चौड़ा करने के लिए आवश्यक सुधार किए जाने कार्यपालन यंत्री पीआईयू को निर्देश दिए गए। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन, एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर ज्योति लिल्हारे, तहसीलदार आशीष अग्रवाल, तहसीलदार अजीत तिवारी, नायब तहसीलदार अतुलेश सिंह, अवंतिका तिवारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

निरीक्षण | नगर निगम आयुक्त ने किया विसर्जन घाटों का निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

विसर्जन घाटों पर रहे सफाई और प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, श्रद्धालुओं को नहीं हो असुविधा

नवभारत,कटनी। शहर में जावरा विसर्जन, दशहरा चल समारोह और दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के मद्देनजर नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने मंगलवार को नदी घाटों का निरीक्षण किया। नगर निगम आयुक्त इस दौरान मोहन घाट, गाटर घाट और पीर बाबा का घाट में तैयारियों का जायजा लिया। नगर निगम आयुक्त ने घाटों पर निर्मित हो रहे कुंडों के शेष बचे कार्य को जल्द पूरा कराने, घाट, कुंड के आसपास विशेष साफ-सफाई, पहुंच मार्ग के दुरुस्तीकरण, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के साथ ही पेयजल व्यवस्था और घाटों पर सुरक्षा के इंतजाम चाक-चौबंद रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। नगर निगम आयुक्त ने घाटों में विर्सजित होंने वाली प्रतिमाओं की जानकारी अधिकारियों से लेते हुए निर्देशित किया कि जवारा विसर्जन और दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान देने, राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के दिशा निर्देशों को दृष्टिगत रखते हुए विसर्जन कुंडों में सभी आवश्यक इंतजाम समय पर करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त शैलेष गुप्ता, कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

गंदगी पर जताई नाराजगी

नगर निगम आयुक्त द्वारा दुगाडी नाला स्थित ट्रांसफर स्टेशन का भी निरीक्षण किया। इस दौरान प्रोजेक्ट मैनेजर विवेक चौबे, सीएंडडी इंचार्ज अतीश खंपरिया से नगर के विभिन्न वार्डों से कचरा संग्रहण के लिए संलग्न वाहनों, रनिंग वाहनों, पार्किंग स्थल, काम्पेक्टर संख्या, सफाई उपरांत वाहनों के स्टेशन आने का समय, स्टाफ सहित मैकेनिकल टीम द्वारा किए जा रहे कार्य की जानकारी ली।

नगर निगम आयुक्त द्वारा कचरे के सेग्रीगेशन, प्रोसेसिंग की जानकारी लेकर वाशिंग एरिया, टिपिंग काम्पेक्टर, शैड, मेंटेनेंस स्टोर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गंदगी मिलने पर नगर निगम आयुक्त ने नाराजगी जाहिर करते हुए दो दिन के अंदर ट्रांसफर स्टेशन परिसर की सफाई कराने की हिदायत प्रोजेक्ट मैनेजर को दी। नगर निगम आयुक्त द्वारा अमीरगंज स्थित एमएसडब्ल्यू प्लांट में टिपिंग फ्लोट, प्रोसेसिंग यूनिट, एमआरएफ यूनिट विनड्रा यूनिट निरीक्षण कर कचरे से कंपोस्ट बनाने की प्रक्रिया की जानकारी ली। इस दौरान लैंडफिल स्टेशन का जायजा लेते हुए प्लांट में कचरे के निष्पादन की प्रक्रिया धीमी होने पर मेन पावर बढ़ाते हुए कचरे का जल्द निपटान कराने के निर्देश दिए।

शांति व्यवस्था बनाए रखने कंट्रोल रूम में लगाई गई ड्यूटी

कलेक्टर ने जारी किया आदेश, लोक सेवा प्रबंधक को बनाया गया प्रभारी

नवभारत कटनी। जिले में जवारा विसर्जन, दशहरा चल समारोह और दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर पुलिस कंट्रोल रूम और जिला डीसीसीसी कंट्रोल रूम में अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेश के अनुसार कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्थापित डीसीसी कंट्रोल रूम का प्रभारी लोक सेवा के प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा को बनाया गया है। इनकी सहायता के लिए राजेश यादव, अभिषेक तिवारी की ड्यूटी लगाई गई है। कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 07622220071 है। इसी प्रकार पुलिस कंट्रोल रूम का प्रभारी अमृता गर्ग अधीक्षक भू-अभिलेख को बनाया गया है। इनकी सहायता के लिए बीबी दुबे और दादूराम पटेल की ड्यूटी लगाई गई है।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लेप्रोस्कोपिक सर्जन

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्राशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024